# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**अनुस्मारक**

पत्रांक : गोप0/2199
दिनांक : 30/12/24

**विज्ञप्ति**

**विषय :एन0ई0पी0 विशेष परीक्षा वर्ष–2024 की वाहय प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें** एन0ई0पी0 विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा दिसम्बर–2024 हेतु नामित परीक्षकों से सम्पन्न कराये जाने **के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1877, दिनांक 04.10.2024 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्यो को यह निर्देश प्रदान किये गये थे कि विशेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 में चूंकि प्रत्येक महाविद्यालय के बहुत कम छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म भरे गये हैं और एन0ई0पी0 विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा दिसम्बर–2024 की भी परीक्षायें इसी वर्ष आसन्न हैं। यदि विश्वविद्यालय द्वारा विशेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 एवं विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024 की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के अलग–अलग पैनल प्रेषित किये जाते हैं तो इसमें समय का अपव्यय होगा।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा एन0ई0पी0 विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा दिसम्बर–2024 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रेषित परीक्षकों के पैनल से ही विशेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 में परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा यथासमय सम्पन्न करा ली जायें। विश्वविद्यालय द्वारा गत माह मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षकों के पैनल प्रेषित किये जा चुके हैं। अतः विशेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 में बी0ए0 एवं बी0एससी0 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने वाले छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा प्रेषित परीक्षकों से अपने महाविद्यालय में सम्पन्न कराकर उनके अंक पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

चूंकि बी0कॉम0 में किसी भी विषम सेमेस्टर में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा का प्रावधान नहीं है। अतः **एन0ई0पी0 विशेष परीक्षा वर्ष–2024** में बी0कॉम0 सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने वाले छात्रों की उक्त परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/1943, दिनांक 22.10.2024 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा प्रत्येक जिले में एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है और सम्बन्धित छात्र/छात्राओं से यह अनुरोध किया गया था कि निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क करते हुए परीक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित तिथि पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्यो से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित व्यवस्था के अनुसार **एन0ई0पी0 विशेष परीक्षा वर्ष–2024 में** बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने वाले छात्रों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये नये लिंक के माध्यम से अंक पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि जिन प्राचार्यों द्वारा उक्त परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके हैं उन्हें पुनः अंक अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

संलग्नक : यथोक्त।

30.12.2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. मैसर्स सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि अंक अपलोड करने हेतु निर्बाध सेवायें प्रदान करना सुनिश्चित करें और यदि सम्बन्धित प्राचार्य को अंक अपलोड करने में कोई समस्या होती है तो उसका तत्काल समाधान करना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

D:/Office Puneet//Office Pad/1318

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/1877
दिनांक : 04/10/24

## विज्ञप्ति

**विषय : विशेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 के स्किल कोर्स तथा वाह्य प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विषेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 के स्किल कोर्स तथा वाह्य प्रयोगात्मक/ मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु लिंक http://103.205.66.92/MEPSPL जनरेट कर दिया गया है। उक्त पोर्टल दिनांक 03.10..2024 से कार्यशील है।

स्किल कोर्स की सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षायें चूंकि सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा सम्पन्न करायी जाती हैं और महाविद्यालयों द्वारा उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाते हैं। अतः समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध है कि स्किल कोर्स के अंक उक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाईन पोर्टल पर अंक अपलोड करने का कष्ट करें।

चूंकि विषेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 हेतु लगभग समस्त महाविद्यालयों के सीमित छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म भरे गये हैं। एन0ई0पी0 विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024 की भी परीक्षायें इसी वर्ष आसन्न हैं। यदि विष्वविद्यालय द्वारा विषेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 एवं विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024 की प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के अलग–अलग पैनल प्रेषित किये जाते हैं तो इसमें समय का अपव्यय होगा।

अतः विश्वविद्यालय द्वारा एन0ई0पी0 विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल अतिशीघ्र प्रेषित किये जायेंगे। इन्हीं प्रेषित किये जाने वाले परीक्षकों से विषेष परीक्षा एन0ई0पी0 वर्ष–2024 में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र/छात्राओं की परीक्षा की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा यथासमय सम्पन्न कराकर उनके अंक उक्त पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

03-10-2024

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. मैसर्स एन0आई0पी0एल0 प्रा0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. मैसर्स इम्टैक प्रा0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः गोपनीय/प्रयो0/1543
दिनांक : 22/10/24

## संशोधित–विज्ञप्ति

**विषयः बी0कॉम–सम सेमेस्टर विशेष परीक्षा एन0ई0पी0–2024 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा शीघ्र सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण।**

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या– गोपनीय/प्रयो0/1928 दिनांक 19.10.2024 में क्रम संख्या– 04 पर परीक्षा केन्द्र का नाम राजकीय डिग्री कॉलेज नोएडा के स्थान पर राजकीय डिग्री कॉलेज मेरठ अंकित हो गया था, जिसे राजकीय डिग्री कॉलेज, नोएडा पढ़ा व समझा जाय। इसी प्रकार क्रम संख्या– 06 पर परीक्षा केन्द्र का नाम एस0एस0वी0, कॉलेज, हापुड़ के स्थान पर एस0एस0वी0, कॉलेज, मेरठ अंकित हो गया था, जिसे एस0एस0वी0, कॉलेज, हापुड़ पढ़ा व समझा जाय।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके द्वारा विषेष परीक्षा बी0कॉम–सम सेमेस्टर एन0ई0पी0–2024 हेतु परीक्षा फार्म भरे गये थे तथा उनकी लिखित परीक्षा हो चुकी है उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु आंशिक संशोधित करत हुए निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है:–

| क्र0सं0 | जिले का नाम | परीक्षा केन्द्र का नाम | केन्द्र कोड |
|---|---|---|---|
| 1. | बगपत | डी0जे0कॉलेज, बड़ोत | 003 |
| 2. | बुलन्दशहर | एन0आर0ई0सी0 कॉलेज,खुर्जा | 042 |
| 3. | मेरठ | डी0एन0कॉलेज मरेठ | 052 |
| 4. | नोएडा | राजकीय डिग्री कॉलेज, नोएडा | 087 |
| 5. | गाजियाबाद | एम0एम0एच0 गाजियाबाद | 019 |
| 6. | हापुड़ | एस0एस0वी0, कॉलेज, हापुड़ | 028 |

उक्त परीक्षा केन्द्रो पर सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों जिनका विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है, के सम्बन्धित परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

अतः सभी सम्बन्धित परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने पाठ्यक्रम **बी0कॉम सम सेमेस्टर विशेष परीक्षा एन0ई0पी0–2024** के प्रवेश–पत्र सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क करते हुए परीक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित तिथि पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः** प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु केन्द्रों की सूची।

उपकुलसचिव (गोपनीय)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक जी को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
03. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को इस आशय से प्रेषित कि प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की तिथि व समय की सूचना अपने कालेज की वैबसाईट पर अपलोड कर हुए नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के पश्चात विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के छात्र/छात्राओं प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
04. सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया अनिवार्य रूप से अपने महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं को निर्धारित परीक्षा केन्द्र से अवगत कराते हुये निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित कराकर परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करें।
05. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
06. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को जन सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
07. निदेशक अधिकृत ऐजेन्सी,,को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानो की सम्पन्न होने वाली मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने हेतु पोर्टल खोलना सुनिश्चित करें।
08. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त मौखिक परीक्षा केन्द्र/कार्यक्रम को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

22.10.2024

उपकुलसचिव (गोपनीय)